हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–71 : जौनपुर, सोमवार 02 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के दिए निर्देश, बोले– विभाग की गहन समीक्षा कर व्यापक बदलाव करें ऊर्जा मंत्री

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में जारी बिजली संकट पर अफसरों को सभी 75 जिलों में रोस्टर के अनुरूप निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से हर संभव मदद मिल रही है। खदानों से पॉवर प्लांट तक कोयले की ढुलाई के लिए रेल के साथ–साथ सड़क मार्ग का प्रयोग भी किया जाना चाहिए। ऊर्जा क्षेत्र में सुधार की व्यापक आवश्यकता है। भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के दृष्टिगत कार्ययोजना तैयार की जाए। विभागीय मंत्री द्वारा विभाग की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा करते हुए हर स्तर पर व्यापक बदलाव के प्रयास किए जाएं। बिजली बिल के समयबद्ध भुगतान के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इसके लिए यह जरूरी है कि लोगों को सही बिल मिले और समय पर मिले। ओवरबिलिंग, फाल्स बिलिंग अथवा विलंब से बिल दिया जाना उपभोक्ता को परेशान करती है। इस व्यवस्था में सुधार के लिए बिलिंग और कलेक्शन एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए ऊर्जा विभाग



को ठोस कार्ययोजना बनानी होगी। ग्रामीण इलाकों में विशेष प्रयास की जरूरत है। बिजली बिल बकाए के भुगतान के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) लाई जाए। योजना ऐसी हो, जिसमें लोगों को बकाए पर ब्याज से छूट मिले, किस्त में भुगतान की सुविधा हो। इस संबंध में यथाशीघ्र कार्यवाही अपेक्षित है।

## मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश जनपद शाखा जौनपुर की एक आवश्यक बैठक संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश जनपद शाखा जौनपुर की एक आवश्यक बैठक शिव मंदिर प्रांगण सिंचाई विभाग जौनपुर में संपन्न हुई जिसमें मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 5 मई 2022 को होनी है जिसमें सभी पदाधिकारियों की भागीदारी करते हुए कार्यसमिति की बैठक को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार यादव जनपद अध्यक्ष एवं संचालन जनपद मंत्री सन्दीप कुमार चौबे द्वारा किया गया, उक्त बैठक में अशोक कुमार यादव प्रांतीय संगठन मंत्री इश्तियाक मेहंदी प्रशासनिक अधिकारी व अखिलेश उपाध्याय प्रशासनिक अधिकारी तथा अजय कुमार सिंह प्रशासनिक अधिकारी नलकूप एवं उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के कार्यवाहक जनपद अध्यक्ष द्वारा अपने विचार रखते हुए कर्मचारियों से अपील की गई की आगामी 5 मई को भारी से भारी संख्या में लखनऊ पहुंचकर संगठन की बैठक को कामयाब बनाएं और अपनी मांगों के समर्थन में अपना विरोध दर्ज करें। बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समूह 'ग' के कर्मचारियों को



जनपद से बाहर स्थानांतरण किए जाने की संभावना से नाराज समूह 'ग' के कर्मचारियों द्वारा सरकार के प्रति अपनी असंतुष्टता व्यक्त की गई और कर्मचारियों द्वारा कहा गया की हम अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों का स्थानांतरण जनपद से बाहर किए जाने में कर्मचारियों तथा उनके परिवार को इस महंगाई में काफी परेशानियों से गुजरना पड़ेगा सरकार द्वारा यदि सुस्पष्ट नीति बनाकर 3 वर्षों के उपरांत समूह 'ग' के कार्मिकों का पटल परिवर्तन कराया जाता है तो जनपद में रहकर कर्मचारी पूरी इमानदारी से तथा सरकार की मंशा के अनुसार कार्य संपादित करेगा इसमें किसी कर्मचारी व उसके परिवार जनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और सरकार की मंशा भी पूरी होगी। बैठक को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष अरविंद यादव ने कर्मचारियों को अपने हितों की लड़ाई स्वयं लड़ने की सलाह दी गई।

## हरिद्वार में राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित हुए संजय श्रीवास्तव और पुरुषोत्तम भट्ट

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामाजिक क्षेत्र और मीडिया के माध्यम से आम जन की समस्याओं को उठाने को लेकर संजय श्रीवास्तव को और सामाजिक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने को लेकर पुरुषोत्तम भट्ट को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । हरिद्वार में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल अरगनाइजेसन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कई प्रदेश के लोगों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को मुख्यअतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहाँ की मानवाधिकार के लिए संघर्ष करना ही हमारा कर्तव्य है अगर किसी व्यक्ति के अधिकारो का हनन हो रहा है उसे प्रताड़ित किया जा रहा है तो उस विषय को उठाना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए । इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल अरगनाइजेसन के चेयरमैन मोहित नवानी ने बताया की पिछले दिनो कोरोना काल के दौरान समाज के जरूरत मंद लोगों तक मदद पहुँचाने के लिए अपना परिवार को सम्मानित किया जा रहा है वही उन्होंने कहा की आज के दौर में जब सत्य की लड़ाई में कोई आगे नही आ रहा है ऐसे में मीडिया के माध्यम से सत्य को सामने लाकर न्याय तक पहुँचाने के लिए यहाँ मीडिया जगत के लोगों को सम्मानित किया गया है । उन्होंने कहा आज देश में सबसे बड़ा संकठ धर्म पर है जिसे बचाने के लिए हम



सब को एक मंच पर आना होगा । अपना परिवार के अध्यक्ष पुरुषोत्तम भट्ट ने मोहित नवानी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की सामाजिक कार्यों को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना जरूरी है क्यूँकि कोरोना महामारी के दौरान अगर समाजसेवी संस्थाएँ न होती तो देश का ज़्यादा नुकसान होता इसलिए जरूरी है आज साथ खड़े होने की । वीआईपी न्यूज हेड और आईएफडब्लूजे के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहाँ ये सम्मान इंसान की जिम्मेदारीयो के बढ़ाने का भी माध्यम होता है इस लिए मीडिया की भी माध्यम बना कर लोगों को न्याय दिलाने के साथ मदद की जा सकती है । आरवीपी के कार्यवाहक अध्यक्ष रविशरण ने सभी राष्ट्रीय गौरव से सम्मानित किए गए लोगों को बधाई देते हुए राष्ट्र के लिए समर्पण के साथ काम करने की बात कही । कार्यक्रम में दिल्ली , उत्तरप्रदेश , महाराष्ट्र , मध्यप्रदेश , हरियाणा सहित कई प्रदेश के लोगों ने भाग लिया।

## कुष्ठ रोगियों की सेवा करना व उनके बच्चो की परवरिश करना ही मेरा उद्देश्य : डा0 आशीष गौतम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के संस्थापक डा आशीष गौतम भइया जी रविवार को जौनपुर में प्रवास पर आये हुए है। उन्होने आज अपने सेवा मिशन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव के मियांपुर आवास पर अपने मिशन के लोगो से मुलाकात किया। इससे पूर्व उनका मिशन के जिला अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव द्वारा टीका लगाकर व बुके देकर स्वागत किया गया। देर शाम पत्रकारो से बातचीत में डॉ गौतम ने बताया कि उनकी संस्था का बस एक ही मिशन है कि कुष्ठ रोगियों की सेवा करना और उनके बच्चों को भी पढ़ा लिखाकर समाज की मुख्य धारा में जोड़ना है। उन्होने बताया कि अब तक हजारो रोगियों का इलाज करके ठीक किया गया है तथा उनके बच्चो की अच्छी तरह से परवरिश करके पढ़ाया लिखाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा गया है। देश के 14 प्रांतों बिहार पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश उत्तराखंड नैनीताल के बच्चे मिशन के हरिद्वार स्थित है आश्रम में है हमारी संस्था में पूरे देश के विभिन्न प्रांतों से लोग जुड़े हुए हैं हमारा मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोगी की सेवा करना साथ ही उनके बच्चों की परवरिश करना उन्हें स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे ले जाना मेरा प्रमुख कार्य है मैं भी हरिद्वार घूमने के उद्देश्य से गया था लेकिन वहां झुग्गी झोपड़ियों में इनको देखकर मैं इस सेवा में जुड़ गया। देश के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों में भी आश्रम के लोगों द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाया जा रहा है। जिससे कि इधर के लोगों को जाने पर वहां किसी प्रकार की स्वास्थ्य की समस्या न हो साथ ही इन जगहों पर तीर्थ यात्रा




के लिए गए लोगों को फ्री में भोजन और रहने के लिए आवास की व्यवस्था करना भी मेरे मिशन में शामिल है। जिसके लिए मैं प्रयासरत हूं। डा0 आशीष ने बताया कि अब उनका मिशन उत्तराखण्ड जाने वाले तीर्थ यात्रियों को निःशुल्क खाने पीने, ठहरने व स्वास्थ्य सुविधाए मुहैया कराने के लिए चल रह है। उन्होने बताया कि हमारी संस्था ने हर जगह डाक्टरो की तैनाती कर दिया गया है लेकिन नर्सिगं स्टाफ की कमी है जल्द ही वह पूरा कर लिया जायेगा। डा0 आशीष गौतम ने बताया कि हमारी संस्था 25 वर्ष की हो गयी है। इन वर्षो हजारो कुष्ठ रोगियों की सेवा किया गया तथा उनके बच्चों की अच्छी तरह परवरिश करके पढ़ा लिखाकर समाज की मुख्य की धारा जोड़ा गया है। एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि हरिद्वार में गंगा के किनारे एक भिच्छा मांगने वाली महिला मर गयी थी उसके दो छोटे बच्चे उसके शव के साथ खेल रहे थे। स्थानीय लोगो ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया तथा उसके दोनो बेटो को मेरे पास छोड़ गये। मैने दोनो बेटो को पढ़ाया। आज एक बेटा मारिसस से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है दूसरा चाइना में योग सिखा रहा है।

## श्रीराम कथा तथा गौ यज्ञ के लिए आमंत्रण पत्र दिया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला, राष्ट्रीय महासचिव डॉ राजीव लोचन शुक्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला युवा प्रकोष्ठ श्रीमती कविता श्रीवास्तव ने औरैया सदर विधायक गुड़िया रानी कठेरिया से मुलाकात की। जिला अध्यक्ष मंजूलता चौहान तथा प्रतिभा अवस्थी से एवं जिले के भाजपा नेताओं से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया तथा युवा वाहिनी द्वारा दिनांक 14 मई से 20 मई तक श्रीराम कथा तथा गौ यज्ञ के लिए आमंत्रण पत्र दिया। कथा में सभी से उक्त आयोजन में आने के लिए अनुरोध किया। विधायक जी ने अनुरोध को स्वीकार कर आने की स्वीकृत प्रदान की।



## जीव और ब्रहम का सम्बन्ध शाश्वत : आचार्य अरविंद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भगवान श्री परशुराम जी प्राकट्योत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम दिवस बोलते हुए आचार्य अरविन्द जी महाराज ने 'महारास' प्रसंग को परमात्मा एवं कामदेव के युद्ध की संज्ञा दी। यह युद्ध सामान्य युद्धों से अलग है। यह चिरन्तन का नाशवान से संग्राम है। ब्रहम का जगत से युद्ध है। आचार्य जी ने कहा कि साधनों के अभाव में बहुत से लोग कामनाओं पर विजय प्राप्त कर लेते हैं, किन्तु यह विजय एक विवशता है। साधनों की प्रचुरता में कामनाएं, मन को उस ओर खींचने न पाएं– इस प्रकार का योद्धा ही विजयी माना जाता है। भगवान कृष्ण ने न कोई सेना लगाई, न वैराग्य, न तप, न उदासीनता बल्कि गोपियों के साथ रहकर भी काम को मोहित कर लिया। श्रीमद् भागवत् महापुराण का यह प्रसंग बड़ा ही मार्मिक एवं शिक्षाप्रद है, तथा जीवात्मा एवं परमात्मा के मिलन को दर्शाता है। अत्याचार एवं परमात्मा के मिलन को दर्शाता है। अत्याचार रूपी कंस का दमन, कामजयी पुरूष ही कर सकता है। भगवान कृष्ण ने बिना अस्त्र–शस्त्र ही कंस का वध किया क्योंकि भगवान ने कंस को पूर्व जन्म में, उद्धार करने का वचन दिया था। त्याग के प्रतीक कृष्ण ने उग्रसेन को मथुरा का राजा बनाया। तत्पश्चात जरासन्ध से युद्ध और कालयवन का भी उद्धार किया। मथुरा त्याग कर कृष्ण ने द्वारिका को अपना निवास बनाया। महापुरूष जहाँ उपकार करते हैं, उस स्थान पर उनका दावा नहीं होता यह बात कृष्ण, राम तथा परशुराम तीनों में समान रूप से दिखाई पड़ती है। आचार्य श्री बताते हैं कि राजा रैवत की पुत्री रेवती से बलराम के विवाहोपरान्त, राजा भीष्मक की पुत्री रूक्मिणी के साथ भगवान कृष्ण का प्रथम विवाह होता है। रूक्मिणी ने भगवान को देखा नहीं था केवल महिमा सुनते–2 कृष्ण से स्नेह हो गया– यह प्रसंग बताता है कि 'भगवान की कथा लगातार सुनने से जीवात्मा को उनके प्रति प्रेम हो जाता है तथा प्रसन्न जीवात्मा यदि भगवान को आत्मसमर्पण का निवेदन करे तो ऐसे जीव को परमात्मा स्वयं आकर स्वीकार कर लेते हैं।' भगवान ने



रूक्मिणी का हरण सबके सामने आकर किया क्योंकि जीव पर वास्तविक अधिकार तो परमात्मा का ही होता है। संसारिक सम्बन्ध नाशवान होते हैं, जबकि जीव तथा ब्रहम का सम्बन्ध शाश्वत है। आज की कथा–यज्ञ में पूर्वी क्षेत्र अतिथि कुटुम्ब प्रबोधन प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, अशोक उपाध्याय, श्रीमती नम्रता पाठक (समाज सेविका), ए0डी0सी0पी0 लखनऊ पुलिस पश्चिम श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा, ए0सी0पी0 चौक, आई0पी0 सिंह उपस्थित रहे। उनका अंगवस्त्र एवं भगवान परशुराम जी का चिन्ह 'स्मृति चिन्ह' के रूप में देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लालजी प्रसाद पाण्डेय, अमिताभ पाण्डेय, दीपू शुक्ला, सुनीता पाण्डेय, अंशू मिश्रा, शक्ति बाजपेयी, कमलेश मिश्रा, सुमित दीक्षित, कृष्णा शर्मा, महेन्द्र द्विवेदी, अम्बरीश वर्मा, संतोष शुक्ला, मृदुल पाण्डेय, जितेन्द्र शर्मा, विजय कुमार मिश्रा, सतेन्द्र अवस्थी, अभिरूचि बाजपेयी, पूनम तिवारी, गोपाल नारायण शुक्ला, बाल किशोर तिवारी, सतीश कुमार दीक्षित, संतोष कुमार द्विवेदी, शेष कुमार मिश्रा, मूलचन्द्र मिश्रा, राघवेन्द्र अवस्थी, सनी साहू, राहुल पाण्डेय, टिंकू ठाकुर, अजीत पाण्डेय, पूनम सिंह, आनन्द मिश्रा, पंकज शुक्ला, शर्मिला पाण्डेय, संजय शुक्ला, वन्दना विशेष, पी0एस0 तिवारी, अवध प्रकाश शुक्ला, अभय तिवारी, पुलकित शुक्ला, जितेन्द्र द्विवेदी, विशाल सोनकर, रजत तिवारी, अंकित गुप्ता, मंजरी शुक्ला, (एडवोकेट अनुराग पाण्डेय) राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय ब्राहमण महासभा उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संयोजक ने किया दंदरोवा आश्रम में दर्शन पूजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव प्रकाश शुक्ला एवं राष्ट्रीय संयोजक पी सी मिश्रा ने किया




दंदरोवा में श्रीहनुमान जी का दर्शन पूजन। साथ ही साथ राष्ट्रीय युवा वाहिनी के अंतरराष्ट्रीय प्रचारक एवं दंदरोवा आश्रम के महा मण्डलेश्वर 1008 श्री श्री राम दास जी महाराज से उनके आश्रम पर किया एक शिष्टाचार मुलाकात तथा 14 मई से होने वाले नौ दिवसीय गो यज्ञ लिए उनको आमंत्रित किया तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया साथ ही साथ इस गो यज्ञ को साकार एवं सफल बनाने के लिए किया विचार विमर्श । इस विचार विमर्श में महाराज जी कद्े प्रधान सेवक श्री लहरिया जी के अलावा आश्रम से जुड़े हुए अन्य साधु संत व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा में पधारे भक्तगणों का हुआ भव्य स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। तुलसी जन्मभूमि राजापुर सूकरखेत जनपद गोंडा उत्तर प्रदेश में अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा में पधारे भक्त गण, साधु–संतों का भव्य स्वागत किया गया। सनातन धर्म परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ स्वामी भगवदाचार्य जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म परिषद ने साधु संतों का भव्य स्वागत किया। साधु संतों ने श्री तुलसी जन्म भूमि राजापुर सूकर खेत में गोस्वामी तुलसीदास जी के मंदिर में पूजन अर्चन किया। तुलसी धाम, तुलसी सरोवर, तुलसी उद्यान आदि धार्मिक स्थलों का दर्शन पूजन किया। सैकड़ों साधु संतों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



## जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण विभाग की अनुपम कालोनी के सामने बनाये गये पार्क का लोकार्पण किया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा लोक निर्माण विभाग की अनुपम कालोनी के सामने बनाये गये पार्क का लोकार्पण किया गया। यह पार्क रोटरी इंटरनेशनल जौनपुर एवं नगर पालिका के सहयोग से सुन्दरीकरण किया गया है। इस पार्क को सतत रूप से देखभाल की जिम्मेदारी रोटरी इंटरनेशनल जौनपुर को दी गयी है। रोटरी इंटरनेशनल आगामी अवधि में इसका पूर्ण देखभाल करेगा। इस पार्क में पॉम ट्री घास फूल तथा जलनिगम के सहयोग से समरसेबल पम्प लगा दिया गया है। इसके अतिरिक्त इस पार्क में बच्चों को खेलने व ओपेन जिम तथा आई लव जौनपुर भी स्थापित किया गया है। मौके पर अपर जिलाधिकारी (भू० – रा०) जौनपुर, अपर जिलाधिकारी (वि० रा०) जौनपुर, उपजिलाधिकारी सदर जानपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका जॉनपुर व नोटरी इंटरनेशनल के सदस्य मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा अस्थाई आश्रय स्थल, शाहपुर का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा अस्थाई आश्रय स्थल, शाहपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि आश्रय स्थल में कुल 135 पशु रखे गए हैं, सभी का रख रखाव अच्छे से किया जा रहा था। उन्होंने पशुओं के लिए चारे, पानी की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि गांव में चारागाह की जमीन पर हरे चारे की व्यवस्था की जाए । एसडीओ को तत्काल विद्युत आपूर्ति कराने के निर्देश दिए । इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बदलापुर लाल बहादुर, क्षेत्राधिकारी अशोक सिंह , खंड विकास अधिकारी शरद श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत राम अवध , ग्राम प्रधान लाल साहब यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**जिस हाथ से अच्छा कार्य हो, वह हाथ तीर्थ है।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

# पाकिस्तान : क्या शहबाज भारत से रिश्ते सुधारेंगे

कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाइयों में फिर एक परस्पर विरोधी बनावट है। हालांकि लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) और जैश–ए– मोहम्मद (जेएम) आईएसआई के समर्थन पर टिके हैं, लेकिन वर्ष 2007 में गठित आतंकवादी नेटवर्क तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पाकिस्तानी सेना के खिलाफ काम कर रहा है और पाकिस्तान में संघ प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों (एफएटीए) और खैबर पख्तूनवा प्रांत से इसे बेदखल करना चाहता है।

सामान्यतः राजनीतिक सत्ता में बदलाव कूटनीति में संवाद के लिए नए दरवाजे खोलता है। इसे उन देशों के साथ रिश्तों में जमी बर्फ के पिघलने के अवसर के रूप में देखा जाता है, जिनके साथ निरंतर कटुता ने बातचीत के दरवाजे बंद कर दिए हैं, अन्यथा दोनों देशों के रिश्ते को परस्पर लाभप्रद माना जाता है। भारत पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने के ऐसे ही एक मोड़ पर है, जहां विधायिका ने हाल ही में अविश्वास प्रस्ताव के जरिये इमरान खान की सरकार को बेदखल कर दिया है।

वहां विभिन्न राजनीतिक दलों की एक गठबंधन सरकार लाई गई है, जिसमें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग, नवाज ख्पीएमएल (एन),, जमीयत उलेमा–ए–इस्लाम–फजल (जेयूआईएफ), मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम) और कुछ अन्य समूह शामिल हैं। पीएमएल (एन) मंत्रिमंडल में जगह देने के वादे के साथ सभी दलों को लुभा रही है। ऐतिहासिक रूप से परस्पर विरोधी होने के बावजूद नई सरकार के मंत्रिमंडल ने शपथ ली है, जिसमें पीएमएल(एन) के शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री और पीपीपी के बिलावल भुट्टो जरदारी को विदेश मंत्री बनाया गया है।

ये दोनों प्रमुख खिलाड़ी नजर आते हैं। हालांकि जेयूआईएफ के फजलुर रहमान काफी ताकतवर सहयोगी हैं। ऐसी स्थितियों में किसी भी संवाद को शुरू करने से पहले खासतौर पर समय को एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में देखा जाता है। लोकप्रिय सलाह यह है कि भारत की ओर से कोई भी पहल तभी ठीक रहेगी, जब पाकिस्तान के आगामी चुनावों में कोई उपयुक्त वार्ताकार सामने आए। हालांकि, वर्तमान परिस्थितियों में वहां जुलाई, 2023 में होने वाले आगामी चुनाव से पहले संभव नहीं हैय जब तक कि नवगठित शहबाज शरीफ सरकार को भी एक और अविश्वास प्रस्ताव के जरिये बाहर का रास्ता न दिखा दिया जाए।

मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में, पाकिस्तानी सेना की भूमिका प्रेक्षक की रही है। ऐसा माना जाता है कि इमरान खान अब भी काफी लोकप्रिय हैं और विधायिका में उनकी मूर्खतापूर्ण हरकतों के बावजूद जल्दी चुनाव कराने के उनके आह्वान पर ध्यान दिया जा रहा है। पाकिस्तान से आने वाली खबरों से संकेत मिलता है कि सेना इमरान खान के पुनरुत्थान पर विभाजित है, हालांकि आईएसआई अफगानिस्तान में निरंतरता के कारण उनके पक्ष में है। हो सकता है कि सेना प्रमुख इस पर अंतिम निर्णय लें, लेकिन वह खुद अक्तूबर, 2022 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और उनका भविष्य प्रधानमंत्री के हाथों में होगा।

कहा जाता है कि फजलुर–रहमान चाहते हैं कि मौजूदा सरकार सत्ता में बनी रहे, ताकि प्रधानमंत्री सफलतापूर्वक एक नए सेना प्रमुख को नामित कर सकें, हालांकि उनकी नजर राष्ट्रपति पद पर है, जिसके लिए मई, 2023 में चुनाव होंगे। पाकिस्तान में लोकतंत्र के पैरोकारों को मौजूदा राष्ट्रपति में पाकिस्तान के सांविधानिक प्रमुख के रूप में प्रदर्शन में कमी दिख रही है। राजनीतिक साजिशों से परे हमें अपने हितों के लिए पाकिस्तान की व्यापक राजनीति को भी देखना चाहिए।

वहां कई धार्मिक समूह हैं, जिनमें से कुछ कट्टरपंथी भी हैं, जो निश्चित रूप से पाकिस्तानी शासन और नीति निर्माण प्रक्रिया को प्रभावित करेंगे, खासकर तब, जब सत्ताधारी सरकार आंतरिक साजिशों से भरी हो। हम आशिया बीबी द्वारा कथित ईशनिंदा कानून के उल्लंघन के बाद तहरीक–ए–लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के कट्टरपंथियों के विरोध प्रदर्शन को याद कर सकते हैं। इस समूह की पाकिस्तान में गहरी पैठ है। भारत में सीमापार घुसपैठ के मामले पर अप्रैल, 2022 की शुरुआत में केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि पिछले पांच वर्षों में सीमापार से घुसपैठ के प्रयासों में चार गुना गिरावट आई है।

यह एक अच्छी खबर है। हालांकि भारत सरकार इसे खुफिया ब्यूरो और नियंत्रण रेखा के प्रबंधन की सफलता के रूप में देखती है, लेकिन हम इस तथ्य को नजरंदाज नहीं कर सकते कि इमरान खान और सेना प्रमुख, दोनों ने सीमा पर शांति का दावा किया था। इन परस्पर सहयोगात्मक कार्रवाइयों के बावजूद घुसपैठ बंद नहीं हुई है। हम इसके लिए विशेष कार्रवाई या शायद आईएसआई के प्रभावी नियंत्रण में नहीं रहने वाले समूहों को जिम्मेदार ठहरा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर घरेलू स्तर पर आतंकवाद जारी है।

कट्टरपंथी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाइयों में फिर एक परस्पर विरोधी बनावट है। हालांकि लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) और जैश–ए– मोहम्मद (जेएम) आईएसआई के समर्थन पर टिके हैं, लेकिन वर्ष 2007 में गठित आतंकवादी नेटवर्क तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पाकिस्तानी सेना के खिलाफ काम कर रहा है और पाकिस्तान में संघ प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों (एफएटीए) और खैबर पख्तूनवा प्रांत से इसे बेदखल करना चाहता है। यह पूरे पाकिस्तान में शरीया कानून को सख्ती से लागू करने का समर्थन करता है। इसके अफगानिस्तान में अपने समकक्षों के साथ गहरे संबंध हैं।

इन गतिविधियों के बीच इस बात को लेकर अनिश्चितता है कि क्या भारत सरकार के कार्यों को विशेष रूप से पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर लोगों द्वारा सही तरीके से समझा जाएगा। ऐसी धारणा है कि भारतीय संदर्भ में प्रचलित आख्यान बहुत उत्साहजनक नहीं है और कश्मीर मुद्दे की पृष्ठभूमि में भारत के किसी भी प्रस्ताव को निहित स्वार्थों द्वारा बहुत प्रभावी ढंग से बाधित किया जा सकता है। दूसरी तरफ हमारी कूटनीति का दूसरा विकल्प अतीत में कामयाब होता दिख रहा था और संभवतः यही सही समय है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारों द्वारा लोगों से लोगों के बीच संपर्क को उचित तरीके से प्रोत्साहित किया जाए।

मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज ऐंड एनालिसिस के डॉ. अशोक बेहुरिया के मुताबिक, यह भारत के बारे में पाकिस्तान में सकारात्मक सोच को आकार देने में बेहद उपयोगी होगा। इससे हमें उन पुलों के फिर से निर्माण के लिए जगह और समय मिलेगा, जिन पर हम भविष्य में काम कर सकते हैं। इस प्रकार पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हमारे लिए सहयोगी हो सकते हैं।

ये लेखक के अपनें हवचार हैं।

# सनातन धर्म और समाज संतों एवं महापुरुषों का सदैव कृतज्ञ रहेगा – आचार्य अशोक

शाहजहाँपुर ब्यूरो उमाकान्त श्रीवास्तव : शिव सत्संग मण्डल के मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि सनातन धर्म और समाज , संतों एवं महापुरुषों का सदैव कृतज्ञ रहेगा। जनपद के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र में पड़ने वाले गाँव साहबगंज में मण्डल द्वारा आयोजित वार्षिक शिवोत्सव में उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का पुण्य पथ अनगिनत उदाहरणों से भरा पड़ा है। जहां भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है। महात्मा बुद्ध , स्वामी विवेकानन्द , आद्य शंकराचार्य , स्वामी दयानंद जैसे महान संतों ने इस मार्ग को सुशोभित किया और साधारण मनुष्य को भी परमेश्वर की कृपा का सहज मार्ग दिखाया। तथा एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह परिवार, राष्ट्र और समाज के प्रति अपनी अपेक्षित जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भक्ति मार्ग पर चलता रहे और स्वयं की क्षमतानुसार ज्ञान , भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर हो। लखनऊ मण्डल के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने कहा कि सतसंगति से सुख होता है और कुसंग से दुःख होता है। इसलिए हमेशा वहां जाना चाहिए जहाँ पर साधु संत हो। क्योंकि वहां पर आनंद ही आनंद होता है। बताया कि वेद ज्ञान मनुष्य मात्र को पवित्र करता है।असत्य और अंधविश्वास से मुक्त होकर ही सत्य की राह पर चल सकते हैं। व्यवस्था प्रमुख यमुना प्रसाद ने कहा कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए भक्ति मार्ग पर चलेंगे तो निश्चित ही उस प्रकाश स्वरूप परमेश्वर का साक्षात्कार कर सकेंगे। हरदोई के जिलाध्यक्ष एवं प्रचारक प्रेम भाई ने बताया कि ईश्वर की भक्ति से ही मनुष्य भव सागर से पार हो सकता है। सत्संग , सेवा और सुमिरन से ही मुक्ति के मार्ग




पर अग्रसर हो सकते हैं। तथा सत्संग ही ऐसी पद्धति है जिससे हमारे अन्दर मनुष्यता आती है।जो भक्त पग पग पर प्रभु का स्मरण करता है। वह भक्त समाज के कल्याण में सहायक होकर परमार्थ करता है। जिला महामंत्री रविलाल , नन्हेलाल , सोनपाल ने शिव नाम की महिमा बताते हुए ध्यान और भजन करने पर प्रकाश डाला। मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना एवं मोहित राजपूत के संयुक्त संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ धर्म अध्यात्म प्रचारक प्रेम भाई ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राजकुमार सत्संगी की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल के महात्मा राम सागर ने की।श्रीकृष्ण,राज कुमार आदि ने प्रेरणादायी भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर लिया। इस धर्मोत्सव में मनोज , ऋषिपाल हरिओम , गोपाल बाबू , देव सिंह , स्वामी दयाल , हनुमंत , रामौतार , आशाराम शर्मा , राम लखन आदि ने धर्मोत्सव को भव्य बनाने में विशेष योगदान दिया।

# उत्तर प्रदेश पकड़ चुका है विकास की रफ्तार : राम चन्द्र कनौजिया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज भारतीय जनता पार्टी जिला प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन तीन सत्रों में समापन हुआ। प्रथम सत्र में प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामचंद्र कनौजिया ने विषय ''केंद्र की विकास योजनाएं और हमारा प्रदेश'' पर कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। कहा कि २०१४ में भाजपा केंद्र में आसीन हुई, उसके बाद से यूपी के आर्थिक विकास का रास्ता खुला। पूर्व में सरकारे यूपी से राजनैतिक लाभ तो लेती रही पर प्रदेश और उसकी जनता को लाभ नहीं पहुंचा पाई। उत्तर प्रदेश में केंद्र सरकार का डिफेंस कॉरिडोर, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, दादरी में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, फिल्म सिटी, उद्योग नीति, एम्स, हर घर नल योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। केंद्र की नीतियों ने २०१७ में बनी भाजपा सरकार ने जमीनी स्तर तक लागू की और आज उसके नतीजे प्रदेश का हर नागरिक देख रहा है। यूपी विकास की रफ्तार को पकड़ चुका है, अब यह सिर्फ आगे बढ़ेगा और प्रदेश के युवा इस काम में तन मन से लग गए है। दूसरे सत्र को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजन शर्मा ने विषय ''प्रदेश में राजनैतिक परिदृश्य, भाजपा की भूमिका'' पर अपनी बात वर्ग बैठक में रखी। रंजन शर्मा ने बताया कि पिछली सरकारों ने सरकार में रहकर परिवारवाद वंशवाद को महत्व दिया जिसके कारण देश व प्रदेश में गरीबी बढ़ती गई ताजा आंकड़ों में पहली बार भारत में गरीबी में कमी आई है सरकार व संगठन मिलकर समाज की सेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं भाजपा संगठनात्मक स्तर पर लगातार विस्तार करेगी कार्यकर्ता संयमित और अनुशासित होकर पार्टी की रीति नीति व योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं। समापन




सत्र ''वैश्विक परिदृश्य'' विषय पर प्रदेश संयोजक नीति एवं शोध विभाग पुष्करजी ने संबोधित किया। पुष्कर जी ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री आज जीरो से लेकर शिखर तक ऊंचाई को अर्जित किया जिसका सिर्फ और सिर्फ एक मतलब है दृढ़ संकल्प सिद्धांत की लड़ाई जो लड़ेगा निश्चित ही वह मंजिल को तय करता है चाहे कोरोनावायरस कालखंड हो या पाकिस्तान से पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने का दृढ़ संकल्प हो या विश्व पटल पर भारत के नाम को रोशन करने का समय हो अगर किसी नेता ने किया तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रधानमंत्री का नेतृत्व और तमाम जनता जनमानस और उनका आशीर्वाद जो मिला आज उसी की देन है हम और आप सुरक्षित है प्रदेश की सरकार उत्तर प्रदेश में सभी वर्ग की चिंता करते हुए काम कर रही है और जनता जनमानस को आम सुविधा देने के लिए कटिबद्ध है। जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने वर्ग में आए सभी कार्यकर्ताओ को धन्यवाद संप्रेषित कर किया। राष्ट्रगान के साथ ही प्रशिक्षण वर्ग का औपचारिक समापन हो गया।

# गोरखपुर विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में आयोजित हुआ पुरातन छात्र समागम

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा सोमवार को पुरातन छात्र समागम का हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर अनुभूति दूबे , विभागाध्यक्ष , मनोविज्ञान विभाग , गोरखपुर विश्वविद्यालय , विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अचल नंदिनी श्रीवास्तव , मुख्य अतिथि प्रोफेसर आदेश अग्रवाल व प्रोफेसर धनञ्जय कुमार ने दीप प्रज्वल्लित कर किया । प्रोफेसर अनुभूति दूबे ने उपस्थित सभी अतिथियों व पुरातन छात्रों का स्वागत किया। सरस्वती वंदना व कुलगीत के पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ दें कर किया गया। पुरातन छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ आदेश अग्रवाल ने बताया कि मनोविज्ञान विभाग दिन–प्रतिदिन विकास की नई सीढ़ियां चढ़ता जा रहा है। इस विभाग से शिक्षा प्राप्त कर निकले सैकड़ों छात्र– छात्राएं देश के अनेक विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के साथ पुलिस और प्रशासनिक सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ अचल नंदनी श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्था की रीढ़ उसके पुरातन छात्र ही होते हैं। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाई और दिखा भी रहे हैं।इस तरह के कार्यक्रम शैक्षिक परिवेश को अग्रसित करने में सहायक होते है ।इस एलुमनाई मीट में वर्ष 1974 से ले कर 2021 तक के 80 पुरातन छात्र सम्मिलित हुए । कुछ व्यक्तिगत कारणों से शामिल न हो पाने वाले लोगों ने विभाग को अपना प्रेम व् सम्मान विडियो मेसेज के द्वारा भेजा। जिसमे प्रोफेसर गिरीश्वर मिश्रा , पूर्व कुलपति , महात्मा गाँधी अंतर्राष्ट्रीय




हिंदी विश्वविद्यालय , वर्धा , प्रोफेसर आराधना शुक्ल , सीनियर रिसर्च फेलो व पूर्व अधिष्ठाता कला संकाय , एस एस जे यूनिवर्सिटी , अल्मोड़ा , प्रोफेसर के एन त्रिपाठी , विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग , बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी , भोपाल , डॉ अमर नाथ राय , पूर्व प्रधानाचार्य , एम् जी एस एस डिग्री कॉलेज , गाजीपुर व डॉ राव अम्बस्त आदि शामिल थे देश के विभिन्न हिस्सों से आये पुरातन छात्रों ने अपने बीते हुए कॉलेज के दिनों को याद कर अपनी भावनाएं व्यक्त की । विशिष्ट रूप से डॉ शिव कुमार त्रिपाठी , डॉ मिठाई लाल गुप्ता , श्री राजेश मणि , डायरेक्टर , मानव सेवा संस्थान , डॉ ज्ञान सिंह , डॉ प्रेमलता वर्मा , प्रोफेसर सुषमा पाण्डेय , डॉ मंजू मिश्र , डॉ गरिमा गुप्ता व डॉ तुलिका ने अपने अनुभवों को साझा किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुभूति दुबे ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।समन्यवक विभागीय पुरातन छात्र प्रोफेसर धनंजय कुमार डॉ ने सभी अतिथियों व पुरातन छात्रों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया । आयोजन का समापन राष्ट्र गान से किया गया।

# कंटेनर ट्रक और बाइक सवारों की टक्कर में तीन की मौत : एक बच्चा घायल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : आज आंझी स्टेशन रोड पर लगभग 3:00 बजे एक कैंटर ट्रक दो मोटरसाइकिल सवारों से भिड़ गई जिसमें दो पुरुषों और एक महिला की तत्काल मौके पर मृत्यु हो गई।एक बच्चा लगभग 5 साल गंभीर स्थिति में है। जिसे होमगार्ड के साथ एंबुलेंस में डिस्टिक हॉस्पिटल भेज दिया गया। कोतवाली शाहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र के अनुसार ट्रक नंबर है यूपी 33 4465 ,मोटरसाइकिल नंबर है यूपी 38 3055 टीवीएस ,दूसरी मोटरसाइकिल है यूपी 30 फ079 मृतक का नाम है रामअवतार पुत्र छेदा लाल निवासी अदमापुर थाना बिलग्राम हरदोई दूसरे मृतक हैं श्रीमती गंगा देवी पत्नी मकरंद निवासी हसनपुर जोली थाना माधवगंज तीसरा मृतक है नाम पता अज्ञात है एक बच्ची मीनाक्षी पुत्री गिरीश चंद उम्र करीब 5 साल गंभीर रूप से घायल है जिसे जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# अरुण को इंदौर में 'हिन्दी रक्षक राष्ट्रीय सम्मान 2022' से नवाजा गया

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राष्ट्रीय हिन्दी रक्षक मंच व दिव्योत्थान एजु केशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में प्रीतम लाल दुआ सभाग्रह इंदौर मध्य प्रदेश में 1 मई को हुये भव्य समारोह में विकाश जी दवे निदेशक हिन्दी साहित्य अकादमी भोपाल,मानसिंह जी परमार पूर्व कुलपति कुशाभाई ठाकरे विश्व विद्यालय रायपुर, स्वप्निल जी कोठारी कुलाधिपति रेनेसां विश्व विद्यालय इंदौर व पवन मकवाना संस्थापक राष्ट्रीय हिन्दी रक्षक मंच की गरिमामयी उपस्थिति में डा. अरुण प्रताप सिंह भदौरिया 'राज' को साहित्यकार श्रेणी की पद्य विधा में 'हिन्दी रक्षक राष्ट्रीय सम्मान –2022 से सम्मानित किया गया! राष्ट्रीय हिन्दी रक्षक मंच व दिव्योत्थान एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित समारोह में कई प्रदेशों सहित नेपाल से आये साहित्यकारों, समाज सेवी व शिक्षाविदों को अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश की 43 प्रतिभाओं को हिन्दी रक्षक राष्ट्रीय सम्मान 2022 से सम्मानित



किया गया! बहु आयामी प्रतिभा के धनी डॉ. अरुण प्रताप सिंह भदौरिया प्रधान डाकघर शाहजहाँपुर में पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत हैं सामाजिक और साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। सकारात्मक सोच के साथ सभी की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने बाले भदौरिया साहब सामाजिक संस्था टीम आलवेज पाजिटिव द्वारा समाज में जरूरतमंद लोगों की मदद, बालिका शिक्षा व उन्हें स्वाबलंबी बनाने हेतु भी लगातार कार्य कर रहे है! समाजिक व साहित्यिक कार्यों के लिए अनेक प्रतिष्ठित सम्मान आपको प्राप्त हुए हैं! पिछले माह आप भोपाल में राष्ट्रीय स्तर के 'भारत भूषण सम्मान' से नवाजे गये।

# 12 साल के बालक को जबड़ों में जकड़ चंबल नदी में खींच ले गया मगरमच्छ : दो घंटे बाद छोड़ा : मौत

आगरा ब्यूरो : आगरा के पिनाहट क्षेत्र से सटी मध्य प्रदेश की सीमा पर चंबल नदी में खौफनाक घटना हुई है। नदी में पानी भरने गए 12 साल के बालक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे अपने जबड़ों में जकड़ कर खींच ले गया। लाठी–डंडे लेकर घाट पर पहुंचे ग्रामीणों ने मगरमच्छ को खेदड़ा। इसके बाद उसने बालक का छोड़ा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बालक की मौत होने से परिवार में कोहराम मच गया। नदी से पानी भरने गया था अनिल मुरैना जनपद के थाना महुआ के गांव उसैथ में रविवार शाम को आई आंधी के कारण बिजली न आने से पेयजल संकट खड़ा हो गया। गांव के छोटेलाल का 12 वर्षीय पुत्र अनिल सोमवार की सुबह एक अन्य बालक के साथ चंबल नदी से पानी भरने गया था। जब अनिल नदी से पानी भर रहा था, तभी मगरमच्छ ने उसका पैर जकड़ लिया। यह देख साथ आया दूसरा बालक चीखने लगा। ईंट–पत्थर मारने पर मगरमच्छ ने छोड़ा मौके पर पहुंचे ग्रामीण ने अनिल को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक मगरमच्छ ने उसका गला जकड़ लिया। घटना की जानकारी होने पर पिनाहट और उसैथ के ग्रामीण घाट पर पहुंच गए। ग्रामीणों के ईंट–पत्थर मारने पर मगरमच्छ बालक को छोड़कर भाग गया। ग्रामीण अनिल को सुरक्षित



स्थान पर लेकर आए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दो घंटे तक नदी में घूमता रहा मगरमच्छ ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ करीब दो घंटे तक बालक को अपने जबड़ों में जकड़ कर नदी में घूमता रहा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना महुआ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि चंबल नदी में मगरमच्छ के हमले की पहले भी घटनाएं हो चुकी हैं। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने दहशत है। वहीं मृतक बालक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# गैंगेस्टर में वांछित 25 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त पुलिस मुठभेड में घायल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आज दिनांक 02/05/2022 को थानाध्यक्ष बेलघाट मय हमराह के रात्रि भ्रमण शील थे कि मुखबिर की सूचना पर शातिर गैंगस्टर अपराधी जो 25000 का थाना बड़हलगंज के गैंगेस्टर के मुकदमें में वांछित/इनामिया चल रहा था, कि गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त पुलिस बल पर फायरिंग करने लगा, आत्मरक्षार्थ पुलिस बल की जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त घायल हो गया । जिसका इलाज सदर हास्पिटल गोरखपुर में चल रहा है। जिसकी स्थिति सामान्य है। मुठभेड़ के दौरान अभियुक्तो के कब्जे से बरामद माल 1– एक अदद कट्टा 12 बोर 2– एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर 3– एक अदद खोखा कारतूस 12 बोर 4– एक अदद मोटर साइकिल स्पेलण्डर घटनास्थल व घटना का दिनांक दृ रतनीढ़ाला आजमगढ़ मार्ग थाना बेलघाट दिनांक 02–05–2022 घटना में घायल अपराधी व आपराधिक इतिहास– तैफिक अहमद उर्फ गुड्डू पुत्र जलालूद्दीन निवासी रानीगंज रजौडा थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़ उम्र– लगभग 35 बर्ष 1– मु0अ0सं0– 01/21 धारा गैंगेस्टर एक्ट थाना बड़हलगंज



जनपद गोरखपुर (25 हजार का इनाम था) 2– मु0अ0सं0– 1192/2020 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता अधि0 व 307 भादवि थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर 3– मु0अ0सं0– 96/22 धारा 307/41/411 भादवि थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर 4– मु0अ0सं0– 97/22 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर पुलिस कार्यवाही में शामिल पुलिस टीम– 1– थानाध्यक्ष बेलघाट गौरव कन्नौजिया मय टीम 2 –वरी0उप निरीक्षक विनय मिश्रा 3 –उप निरीक्षक राम जी गुप्ता 4– उप निरीक्षक अजीत यादव 5– कांस्टेबल विपिन यादव 6– कांस्टेबल संग्राम यादव 7– कांस्टेबल अमर नाथ 8– कांस्टेबल अखंड प्रताप सिंह।

## मजदूर जिसकी कभी मजबूरी ना हो दूर : विश्व के हर देशों में मजदूरों की हालत नहीं सुधरी –डॉ. सुनील कुमार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बेचता यूं ही नहीं है आदमी ईमान को, भूख ले जाती है ऐसे मोड़ पर इंसान को। अदम गोण्डवी की लाइन मन में आ गई कि मजदूर दिवस पर लिखने से पहले इसके भावार्थ को लोगों को समझना जरूरी है। एक मई के दिन 1886 को अमेरिका में शोषण के खिलाफ्फ मजदूरों ने क्रान्ति की थी। हजारों की संख्या में सड़क पर आए मजदूरों पर सरकार ने गोली चलवा दी।तभी से मजदूरों के सम्मान में पूरी दुनिया में एक मई को मजदूर दिवस मनाते है। मई दिवस का इतिहासः हर साल 1 मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। 1 मई को मजदूर दिवस मनाने का मुख्य कारण यह है कि 4 मई 1886 को एक बम विस्फोट के 7 पुलिस अधिकारी और 4 शिक्षकों के नागरिक मारे गए थे। उस विस्फोट से एक दिन पहले मजदूरों द्वारा उद्योगपतियों के खिलाफ आंदोलन किया गया था और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को इस रिपोर्ट के जरिए मारा गया। बम विस्फोट के बाद आठ आतंकवादियों की शाजिश का पता लगा और उन सभी दोषियों को आतंकवादी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई गई। 3 साल बाद समाजवादी पार्टी ने श्रमिक आंदोलन सम्मान देते हुए 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में चयनित किया गया। मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी–बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। भारत में भी मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है, बहुत सी योजनाएं और कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर–उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है। भारत सहित दुनिया के सभी देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है। कोरोना महामारी की मार सबसे ज्यादा मजदूर वर्ग पर पड़ी है। इस कारण देश का मजदूर सबसे ज्यादा बदहाल है। मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज



भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है। मजदूर दिवस की उत्पत्तिः पहले की समय में मजदूरों की हालत बहुत खराब थी। मजदूर लोग बहुत कड़ी मेहनत करते थे और दिन मे 15 घंटे तक काम करते थे और उनके हाथ, पैर में इतनी चोट लगती थी और आर्थिक संकटों का सामना करके काम करते थे,तब उनके काम पैसे दिए जाते थे। लंबे समय तक घंटो भर काम करते थे। स्वास्थय की समस्याओं की बढ़ती हुई संख्या ने इस समस्या को ठीक करने के लिए मजदूरों ने श्रमिक यूनियानो ने इस प्रणाली के खिलाफ आवाज उठाई। भारत में मजदूर दिवस समारोहः इस दिन को भारत में ना बल्कि पूरे विश्व में एक विरोध दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसा तब होता है, जब कोई महिला या पुरुष अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर एकजुट होकर अपने अधिकारों ले लिये सभी श्रमिक एक साथ रैली,जुलूस, निकालते है। जिससे उनको उनका सही अधिकार मिले। जुलुस के अलावा बच्चों के लिये तरह दृ तरह की प्रतियोगिताएं होती है। इससे आगे चलकर बच्चे इसमें आगे बढ़कर हिस्सा ले और एकजुटता का सही मतलब समझ सके। बहुत संघर्षों के बाद श्रमिकों को उनका अधिकार मिला। उन्होंने इस दिवस के लिए बहुत कड़ी मेहनत किया और इस दिवस को महत्व दिया। यह दिन श्रमिको के लिये बहुत महत्वपूर्ण बना। कोरोना काल में सभी बस, ट्रेन बंद हो जाने के कारण लोग पैदल ही अपने घर को लौटने पर मजबूर हो चुके थे। भारत में एक बड़ा तपका प्रवासी है जो छोटे गांव या छोटे शहर से भारत के बड़े शहरों में आ कर प्रवासी मजदूर के रूप में अपना जीवन यापन करते है। मंत्री भारत सरकार खासतौर से उत्तर प्रदेश में मजदूरों के लिए गरीबों के लिए अन्य वितरण की व्यवस्था की गई है लेकिन यही व्यवस्था काफी नहीं है उनके परिवार को शिक्षा के साथ–साथ रोजगार के अवसर मिलने चाहिए श्रम दिवस या मजदूर दिवस हमें यह सीखता है कि जैसे हम एक साथ जुटकर मजदूर दिवस के खिलाफ रैली, जुलुस निकाल करके मजदूरों को उनका अधिकार दिलवाते है, ठीक इसी प्रकार हमें एक साथ रहकर किसी भी संकट का सामना करना होगा। उद्योगपतियों के द्वारा श्रम वर्ग पर किया गया अन्याय पूर्वक व्यवहार के खिलाफ कानून बनाने में सरकार को लम्बा समय लगा। ट्रेड यूनियनो ने संयुक्त प्रयासों से सरकार श्रमिकों के लिये कानून बनाने के लिये मजबूर किया।

## नियंत्रक प्राधिकारिणी समिति विनियमित क्षेत्र जौनपुर द्वारा महायोजना–2031 के प्रस्तावित प्रारूप किया गया अनुमोदित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अमृत योजना के अन्तर्गत जी०आई०एस० आधारित जौनपुर महायोजना–2031 के प्रस्तावित प्रारूप जिसे नियंत्रक प्राधिकारिणी समिति विनियमित क्षेत्र जौनपुर द्वारा अनुमोदित किया गया है, पर आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त किये जाने हेतु नगर एवं ग्राम्य नियोजन विभाग उ०प्र० के निर्देश के क्रम में 31 मई तक प्रदर्शनी का आयोजन कलेक्ट्रेट, परिसर जौनपुर तथा विनियमित क्षेत्र कार्यालय जौनपुर में प्रारम्भ किया गया। इस दौरान महायोजना–2031 के प्रस्तावित प्रारूप पर आम लोगों के सुझाव और आपत्ती आमंत्रित की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा जौनपुर से वाराणसी मार्ग की तरफ औद्योगिक एवं नयी टाउनशिप महायोजना–2031 में प्रस्तावित किये जाने का सुझाव दिया गया। कार्यक्रम स्थल कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा प्रदर्शनी का शुभारम्भ प्रातः 10 बजे किया गया जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश, अपर जिलाधिकारी भू०–राजस्व रजनीश कुमार राय व नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार अग्निहोत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल विनियमित क्षेत्र कार्यालय जौनपुर में प्रदर्शनी का शुभारम्भ प्रातः 11.00 बजे नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार अग्निहोत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर तकनीकी विशेषक एवं कंसल्टेन्ट नगर नियोजन विभाग उ०प्र० प्रियांक पुरवार व अवर अभियन्ता विनियिमत क्षेत्र मिथलेश कुमार, आर०ए०सी० आशीष त्रिपाठी तथा विनियमत क्षेत्र कार्यालय के पंजीकृत इंजीनियर व ड्राफ्टमैन तथा अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड सुजानगंज में दिव्यांगजनों के आवश्यकतानुसार 04. मई को होगा चिन्हांकन शिविर का आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 04. मई 2022 को विकास खण्ड सुजानगंज में दिव्यांगजनों के आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार अनुमन्य सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, हियरिंग एड आदि उपलब्ध कराने तथा शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत का क्लियर इम्पलांट के लाभार्थियों एवं जिनके हाथ–पैर नहीं उनके कृत्रिम हाथ पैर लगवाने हेतु चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया है। अतः विकास खण्ड–सुजानगंज के दिव्यांगजन 04 मई 2022 को चिन्हांकन शिविर में पहूंचकर अपना रजिस्ट्रेशन कराये जिससे कि उनके आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण दिये जाने हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

## अवैध कच्ची शराब भट्ठी के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर तथा क्षेत्राधिकारी के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक पूराकलन्दर के नेतृत्व मे थाना पूराकलन्दर उ0नि0 अमित कुमार सिंह मय हमराही पुलिस बल द्वारा सरियावां के पास से 1 अदद कच्ची शराब की भट्ठी मय 01 अभियुक्त बाबूलाल रावत पुत्र हौसिला प्रसाद रावत नि0 बल्ला का पुरवा सरियावा थाना पूराकलन्दर अयोध्या उम्र करीब 42 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से एक पतीला, एक टिन का डिब्बा जिसमे पाइप लगी हुई थी। गिरफ्तारी व बरामदी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 193/22 धारा 60(2) आबकारी अधि0 बनाम 1. बाबूलाल रावत पुत्र हौसिला प्रसाद रावत नि0 बल्ला का पुरवा सरियावा थाना पूराकलन्दर अयोध्या पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की मौके पर गिरफ्तारी कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## संगत पंगत की बैठक सम्पन्न : नए कार्यकारणी का हुआ गठन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाज के अग्रणी संस्था संगत पंगत की एक आवश्यक बैठक रविवार को संरक्षक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया के आवास पर जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी के अध्यक्षता में संपन्न हुई ,संचालन महामंत्री सुलभ श्रीवास्तव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संगत पंगत सरंक्षक समिति का चुनाव हुआ




जिसमें सरस चंद्र श्रीवास्तव , बजरंग प्रसाद श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव(DO), रवि श्रीवास्तव ,नीलमणि श्रीवास्तव,राकेश श्रीवास्तव डॉ अशोक अस्थाना , राकेश श्रीवास्तव , प्रदीप अस्थाना , प्रदीप श्रीवास्तव, सुनील अस्थाना, राजकपूर श्रीवास्तव ,राकेश श्रीवास्तव जी ( साधु),भानु चंद्र श्रीवास्तव, दयाल शरण श्रीवास्तव , श्याम रतन श्रीवास्तव,संजय श्रीवास्तव , पंकज सिन्हा भजन सम्राट ,उमेश चंद्र श्रीवास्तव ,प्रदीप श्रीवास्तव ,राजेश श्रीवास्तव ''बच्चा भईया'' को सर्वसम्मति से संरक्षक चुना गया । जिसका वहाँ उपस्थित सभी चित्रांश बंधुओं ने सभी का माल्यापर्ण कर जोरदार स्वागत किया और उपस्थित सदन ने स्थायी मार्गदर्शक संरक्षक मंडल के रूप में जिले के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ मनमोहन श्रीवास्तव ,डॉ रजनीश श्रीवास्तव , डॉ एन.के. सिन्हा,डॉ अतुल श्रीवास्तव, डॉ नीलेश श्रीवास्तव ,व समाजसेवी शशि श्रीवास्तव गुड्डू'' एडवोकेट,को सर्वसम्मति से बनाया गया सभी ने 22 मई को संगत पंगत के संस्थापक माननीय आर.के.सिन्हा राज्यसभा सांसद संस्थापक सदस्य भाजपा व प्रदेश संयोजक/ प्रदेश अध्यक्ष मा मनोज लाल एडवोकेट के जौनपुर आगमन पर जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया। आज जिले के सभी कायस्थ संगठनों ने एक साथ संगत पंगत में भाग लिया जिसकी सभी ने सराहना किया। बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने समस्त संरक्षक मंडल सदस्यों की मौजूदगी में अपने नवनियुक्त टीम की घोषणा किया। जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार ,उपाध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव पत्रकार उपाध्यक्ष, आतिश श्रीवास्तव (बाकी) उपाध्यक्ष, विजय श्रीवास्तव बंटू उपाध्यक्ष, अनुपम श्रीवास्तव, को घोषित किया व महासचिव के पद पर सुलभ कुमार श्रीवास्तव को व कोषाध्यक्ष के पद पर शरद श्रीवास्तव जिला संगठन सचिव/मीडिया प्रभारी के पद पर अनीश श्रीवास्तव को मनोनीत किया जिला मंत्री के पद पर हितेश श्रीवास्तव, जिला मंत्री आतिश श्रीवास्तव ,जिला मंत्री अनिल श्रीवास्तव ,जिला मंत्री पंकज श्रीवास्तव एडवोकेट ,जिला मंत्री विजय श्रीवास्तव को मनोनीत किया और आशा व्यक्त किया गया कि यह सभी पदाधिकारी संगत पंगत की नीतियों को जन जन तक पहुचायेगे । कार्यक्रम के अंत मे अंकित श्रीवास्तव ने सबका आभार प्रकट किया।

## स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अभियान चलाकर नामांकन बढ़ाने का किया गया कार्य

जौनपुर सू.वि. : शासन द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में नामांकन अधिक से अधिक हो इसके लिए जनपदवार लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके क्रम में जनपद जौनपुर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में अभियान चलाकर नामांकन बढ़ाने का कार्य किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया की जनपद को शैक्षिक सत्र 2022–23 में नवीन नामांकन हेतु लक्ष्य 94813 निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष 30 अप्रैल 2022 में ''स्कूल चलो अभियान'' प्रगति रिपोर्ट के अनुसार 107871 नामांकन कराया गया जो संपूर्ण उत्तर प्रदेश में वाराणसी जनपद के बाद दूसरे स्थान पर है, तीसरे स्थान पर भदोही,चौथे स्थान पर झांसी और पांचवें स्थान पर हमीरपुर जनपद है। स्कूल चलो अभियान के नामांकन लक्ष्य के सापेक्ष अधिक होने पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल और बेसिक शिक्षा विभाग की समस्त टीम को बधाई दी गई है। उन्होंने कहा कि नामांकन का लक्ष्य प्राप्त करने के बाद बच्चों के पठन पाठन पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है जिससे बच्चे समाज में आत्मनिर्भर बनें और मजबूत भारत को बनाने में अपना योगदान दे सके।

## जेसीआई जौनपुर ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर की अग्रणी संस्था जेसीआई जौनपुर के अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कोतवाली चौराहे पर सभी सदस्यों की उपस्थिति में श्रमिक बन्धुओं को माला पहनाकर सम्मानित किया



गया। साथ ही उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बीमारियों से बचाव के लिये मच्छरदानी का वितरण किया गया। सर्वप्रथम डा. संदीप पाण्डेय ने समस्त श्रमिकों का स्वागत किया और बताया कि इन्हीं श्रमिक बन्धुओं की मेहनत और प्रयास से बड़े–बड़े नगरों का विकास होता है। पूर्व मण्डलाध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने बताया कि विगत कई वर्षों से श्रमिकों के सम्मान में जेसीआई जौनपुर अपनी सहभागिता निभा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक रतन सीकरी और अमन कुरैशी ने श्रमिकों को सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में पूर्व अध्यक्ष शशांक सिंह रानू, कृष्ण कुमार जायसवाल, संजय बैंकर, धर्मेन्द्र सेठ, राकेश जायसवाल तथा सत्य प्रकाश जायसवाल, सर्वेश जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, दिलीप सिंह, विशाल तिवारी, रमेश श्रीवास्तव, रंजीत सिंह सोनू, अतुल जायसवाल, आकाश केसरवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के सचिव प्रदीप जायसवाल ने किया।

## सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु पोर्टल का बटन दबाकर लोकभवन लखनऊ में शुभारम्भ

जौनपुर सू.वि. : प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए ई–पेंशन सिस्टम के लिए पोर्टल का बटन दबाकर लोकभवन लखनऊ में शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसी प्रकार मृतक आश्रितों की सुविधा के लिए भी पोर्टल बनाया जायेगा। जिसके द्वारा उनके देयकों का भुगतान एवं नौकरी के सम्बन्ध में पारदर्शी ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने बटन दबाकर 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त प्रदेश के 1220 कर्मचारियों के खाते में पेंशन की धनराशि अंतरित किया। उन्होंने श्रम दिवस के अवसर पर श्रमिकों को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को तमाम अन्य योजनाओं के साथ–साथ पांच लाख रूपये का बीमा की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने लोकभवन में पेंशनरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उनके अनुभव का लाभ समाज को मिलना चाहिए, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में उन्हें सहयोग करना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों को नकारात्मक सोच से बचना चाहिए, सेवानिवृत्ति के बाद प्रफुल्लित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने उनका आवाहन किया कि स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति आदि योजनाओं के साथ जुड़कर कार्य करें। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सभी का स्वागत किया। वित्त सचिव संजय कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। लोकभवन में उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या तथा बृजेश पाठक, अपर मुख्य सचिव वित्त एस0 राधा चौहान, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल भी उपस्थित रहे। जौनपुर कलेक्ट्रेट सभागार में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन में वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार की उपस्थिति में जिले के पेंशनरों को दिखाया गया। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सभी पेंशनरों को अवगत कराएं कि पेंशनरों का पेंशन भगतनादेश निर्गत किये जाने के संबंध में 06 माह पूर्व पेंशनरों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद सेवानिवृत्ति से तीन माह पूर्व पेशन स्वीकृत करने वाले अधिकारी द्वारा निर्गत कर कोषागार को प्रेषित कर दिया जाएगा। इसके बाद कोषागार द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत भुगतान पेंशनर के खाते में कर दिया जाएगा। इस ई–पेंशन पोर्टल के माध्यम से जिले के पेंशनरों को काफी सुविधा मिलेगी और समय से पेंशन के देवकों का भुगतान उनके खाते में किया जा सकेगा। इस अवसर पर दयाराम गुप्ता, विमलेश, अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशन सीबी सिंह, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव, प्रेमा देवी रावत, सरोज देवी, नंदलाल यादव, विजय नारायण त्रिपाठी, बाबू राम सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, नागेंद्र कुमार, सुखराम, रविंद्र लाल श्रीवास्तव, रमेश, पारसनाथ, एसएन सिंह, राजबली यादव, नीरज कुमार श्रीवास्तव, दयाराम मौर्य, श्याम बिहारी, पारसनाथ यादव, यदुनाथ सिंह, जगदीश, पन्नाधारी प्रजापति, महेंद्र नाथ, मंजू रानी राय, बलिराम, दद्दू, भानु प्रताप श्रीवास्तव, अशोक कुमार मौर्य, बुद्धि राम, ओंकार नाथ मिश्र, नंदलाल, माला शंकर, कृपा शंकर उपाध्याय, सीताराम मौर्य, हीरालाल, राकेश कुमार श्रीवास्तव, वीबी सिंह, रामाश्रय, इंजीनियर बेचन मिश्रा, विजय शंकर राय, संतोष कुमार साही, शंभू नाथ यादव, ओम प्रकाश यादव, द्वारिका सहित पेंशनरगण मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 14 मई 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 14 मई 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह–समझौते के आधार पर एम0ए0सी0टी0 के अधिकतम वादों का निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0 पी0 सिंह की अध्यक्षता एवं पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण मनोज कुमार सिंह गौतम, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला जजधविशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट रमेश दूबे तथा गठित पीठ के सदस्य हिमांशु श्रीवास्तव, एडवोकेट की उपस्थिति में 02 मई 2022 को मीटिंग हाल, जनपद न्यायालय जौनपुर में बैठक आहूत की गयी। माननीय जनपद न्यायाधीश एम0 पी0 सिंह, महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित याची एवं बीमा कम्पनियों के अधिवक्तागण को आपसी सामंजस्य स्थापित कर सुलह–समझौते के आधार पर अधिकतम वादों का निस्तारण कराये जानेपर बल दिया गया तथा निस्तारण में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु पीठासीन अधिकारी, एम0ए0सी0टी0 व नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत से सम्पर्क स्थापितकरने हेतु निर्देशित किया गया। पीठासीन अधिकारी, एम0ए0सी0टी0 मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा सभी अधिवक्तागण को अधिकतम मामलों के निस्तारण में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत रमेश दूबे द्वारा अधिकाधिक मामलों का निस्तारण कराये जाने की अपील करते हुए बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण कराना एक सहज और सरल प्रक्रिया है, लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित मामलों के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। उपस्थित अधिवक्तागण द्वारा अधिकतम मामलों का निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जय प्रकाश सिंह, अजय कुमार सिंह, शोभनाथ यादव, सुरेश चन्द्र यादव, सूर्यमणि पाण्डेय, शम्भू नाथ सिंह, ईश्वर सिंह यादव, बृजेश निषाद, राणा सिंह, जय प्रकाश पटेल, मनोज कुमार चर्तुवेदी, सत्येन्द्र कुमार सिंह, मंगला प्रसाद सिंह, रविन्द्र विक्रम सिंह, विनय कुमार श्रीवास्तव, सुजीत कुमार निषाद तथा शिवराम मिश्र आदि याची एवं बीमा कम्पनियों के अधिवक्तागण उपस्थित रहे। इसी क्रम में पारिवारिक/दाम्पत्य विवादों का प्री–लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु गठित पीठों द्वारा बैठक की गयी जिसमें एक मामले में पक्षकारों द्वारा साथ–साथ रहने का समझौता पत्र दाखिल किया गया।

## कंपोजिट विद्यालय शाहपुरसानी, बदलापुर में निःशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण समारोह का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि : कंपोजिट विद्यालय शाहपुरसानी, बदलापुर में निःशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर खुद को सौभाग्यशाली समझ रहा हूं और विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति देखकर बहुत ही सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि अध्यापकों का बहुत बड़ा दायित्व होता है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए। उन्होंने कहा कि स्वयं सरकारी स्कूल में पढ़े हैं, मेहनत और लगन से पढ़ाई करके किसी भी उच्च पद को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बच्चो से कहा की प्रतिभा किसी भी चीज की मोहताज नहीं होती, यदि लक्ष्य बनाकर सही दिशा में मेहनत किया जाए तो कुछ भी असंभव नहीं है। सभी अध्यापकों से अपील किया कि बच्चों में सही शिक्षा एवं संस्कार बचपन से ही दिया जाए, स्कूल में अनुशासन सिखाया जाए।




विशिष्ट अतिथि आयकर आयुक्त लाल बहादुर पुष्कर ने कहा कि शिक्षा का बड़ा ही महत्व होता है, उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि आप सभी प्रेरणा ले कि भविष्य में कुछ बनना है, भारत की प्रगति में अपनी भूमिका निभानी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योतिष पीठ द्वारिका कमलेश्वर आनंद महाराज के द्वारा की गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बदलापुर लाल बहादुर, क्षेत्राधिकारी अशोक सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सतीश त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## वध हेतु जा रहे 17 गोवंश के साथ सात तस्कर गिरफ्तार : बदलापुर पुलिस की गिरफ्त में पशु तस्कर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली बदलापुर एवं महराजगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने रविवार की रात वध हेतु जा रहे 17 गोवंश सहित सात तस्करों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक बदलापुर योगेंद्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली की पशु तस्कर कुछ ही देर में महराजगंज की तरफ से निकल रहे हैं। उन्होंने घटना की सूचना थानाध्यक्ष महराजगंज संतोष कुमार शुक्ला को देते हुए इंदिरा चौक पर घेराबंदी शुरू कर दिया। कुछ ही देर बाद एक तेज रफ्तार ट्रक महराजगंज की तरफ से आती हुई दिखाई पड़ी जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ट्रक को सुल्तानपुर रोड की तरफ मोड़कर भागने लगा। पीछे से एसओ महराजगंज व प्रभारी निरीक्षक बदलापुर ने ट्रक का पीछा कर लिया। खजुरन मोड़ तक जाते–जाते पुलिस टीम ने ट्रक को घेराबंदी कर रोक लिया। हालांकि इस दौरान ट्रक चालक ने प्रभारी निरीक्षक बदलापुर की गाड़ी पर टक्कर मारने का प्रयास किया। घटना में पुलिस टीम बाल–बाल बच गई। सभी तस्करों को पुलिस थाने ले आई। जहां पूछताछ के दौरान अपना नाम विजय कुमार गौतम पुत्र सुखई निवासी सवंशा, सुखई पुत्र बिस्मिल्लाह,शाहिद अहमद पुत्र असलम, आबिद पुत्र मुमताज,जुबेर अहमद पुत्र मुनेजर, गुलशेर पुत्र मैनुद्दीन, नमनम पुत्र जुबेर निवासी लमहन थाना महराजगंज बताया। कड़ी पूछताछ के बाद तस्करों ने स्वीकार किया कि वे ट्रक में लदी 5 गाय, तीन सांड, आठ भैंस व एक पड़वा लेकर वध हेतु पश्चिम बंगाल ले जा रहे थे। पुलिस ने बरामद पशुओं को शाहपुर गांव स्थित गोशाला में सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार किए गये पशु तस्करों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम तथा धारा 11 पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत केस दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया।

## अग्नि सचेतक योजना के तहत सीएफओ आर के राय व उनके सहयोगी लोगों को बता रहे आग से बचने के उपाय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)इस समय अग्नि सचेतक योजना के तहत शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस महानिदेशक फायर सर्विस उत्तर प्रदेश लखनऊ व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या शैलेश कुमार पांडेय के निर्देशानुसार मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय अपने सहयोगियों के साथ जिले के अनेक क्षेत्रों में जाकर लोगो को शिविर व अन्य माध्यमो से आग से बचाव के संबंध में जानकारी देकर सराहनीय कार्य कर रहे हैं।इसी कड़ी मे उन्होने 30 अप्रैल को कोतवाली नगर क्षेत्र के डॉ० बृजकिशोर होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली अयोध्या में शिविर का आयोजन किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य उपेंद्र सिंह तोमर व अन्य प्रोफेसर तथा स्टूडेंट के सहित अग्निशमन प्रशिक्षण में भाग लिए।जिसमें आग बचाव के संबंध में वहाँ पर मौजूद मुख्य अग्निशमन अधिकारी राज किशोर राय तथा उनके सहयोगियों राम प्रसाद पाण्डेय सद्दाम हुसैन अतुल कुमार वर्मा के द्वारा आग से बचाव के विषय में व्याख्यान दिया गया।वही इस मौके पर गैस सिलेंडर की आग को बुझाकर दिखाया गया।अग्निशमन विभाग के इस प्रशिक्षण शिविर का प्रधानाचार्य तथा अन्य प्रोफेसर व स्टूडेंट द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इसी क्रम में जनपद के अन्य ब्लाकों में भी अग्निशमन कर्मियों द्वारा अग्निसचेतक अभियान के दूसरे दिन भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।वही इसी कड़ी में 01 मई 2022 को ग्राम रमपुरवा पुलिस चौकी शाहगंज थाना इनायतनगर में तीसरे दिन भी शिविर का आयोजन हुआ।इस मौके पर ग्राम प्रधान संदीप चौधरी व अमित योगी व्यवस्थापक के सौजन्य से ग्राम के पंचायत भवन पर एक अग्निशमन



प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासियों को आग से बचाव के संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी महोदय के नेतृत्व में उनके सहयोगियों सद्दाम हुसैन अमन शुक्ला के द्वारा आग से बचाव के विषय में व्याख्यान दिया गया तथा प्राथमिक अग्निशमन उपकरण के उपयोग के बारे में बताया गया। अग्निशमन विभाग के इस प्रशिक्षण शिविर का ग्राम प्रधान व संयोजक सहित समस्त ग्राम वासियों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई।इसी क्रम में जनपद के अन्य ब्लाकों में भी अग्निशमन कर्मियों द्वारा अग्निसचेतक अभियान के तीसरे दिन भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।वही अग्निशमन द्वितीय अधिकारी सुधीर।यादव व सहयोगी फायरमैन रामबहादुर ने 1 मई 2022 को ग्राम कुड़ा सादात पुलिस चौकी भेलसर थाना रूदौली में ग्राम प्रधान श्रीमती निसार फातिमा के सौजन्य से गांव के प्राथमिक विद्यालय पर एक अग्निशमन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासियों को आग से बचाव के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया अग्निशमन विभाग के इस प्रशिक्षण शिविर का ग्राम प्रधान व संयोजक सहित समस्त ग्राम वासियों द्वारा भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

## कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय एक्रिप कार्यशाला का हुआ समापन : फल उत्पादक किसानों की समस्याओं का वैज्ञानिकों द्वारा किया गया निदान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में चल रही तीन दिवसीय अखिल भारतीय शुष्क क्षेत्रफल समन्वित अनुसंधान परियोजना कार्यशाला के अंतिम दिन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्लेनरी सेशन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विगत् 2 दिनों से चल रही वैज्ञानिको के मंथन एवं चर्चा में शोध संबंधित अपने अनुभव को प्रस्तुत किया गया। नई दिल्ली आईसीएआर से पधारे सहायक महानिदेशक डॉ बी के पांडे, डॉ विक्रमादित्य पांडे, निदेशक एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ बी डी शर्मा ने वैज्ञानिकों द्वारा प्रस्तुत की गई शोध उपलब्धियों एवं सुझावों की समीक्षा करते हुए अग्रिम योजना एवं कमियों को दूर किया, तथा प्राप्त उपलब्ध एवं जानकारियों का संग्रह किया गया। द्वितीय सत्र में विभिन्न जनपदों से आए फल उत्पादक किसानों एवं कार्यशाला में पधारे वैज्ञानिकों के साथ फ्रूट प्रोडक्ट इंडस्ट्री ६ किसानों द्वारा बागवानी संबंधित उठाई गई समस्याओं का निराकरण किया गया, विशेष रूप से इस दौरान किसानों ने खासकर आंवला एवं बेल के फलों के गिर जाने एवं अन्य समस्याओं को रक्खा। जिस पर आईसीएआर के सहायक महानिदेशक, डॉ विक्रमादित्य पांडे ने बताया कि ज्यादातर समस्याएं जलवायु परिवर्तन, पुराना पौधा एवं पोषक तत्वों की कमी से है। पौधों में हर वर्ष पोषक तत्व एवं पुराने पौधों की कटाई छटाई करने से नए कल्ले आने पर समस्याओं से काफी हद तक निदान प्राप्त किया जा सकता है, तथा बेल के पौधों में बोरान का प्रयोग करें जिससे फलों का गिरना रुक जाएगा। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में निदेशक एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ डी बी शर्मा ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह, कार्यशाला में पधारें सहायक महानिदेशक डॉ विक्रमादित्य पांडे, सहायक महानिदेशक डॉ बी के पांडे, विभिन्न प्रांतों से पधारे वैज्ञानिक, आयोजक समिति आदि को सफल कार्यक्रम हेतु धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ ओ पी राव, डॉ संजय पाठक ,डॉ हेमंत सिंह,डॉ भानु प्रताप एवं नन्द लाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

## नीट परीक्षा में शिवानी की सफलता पर परिजनों के खिले चेहरे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तारुन विकास खण्ड की ग्राम सभा मिझौली किशुनदासपुर मजरे रूपापुर निवासी पूर्व माध्यमिक विद्यालय तारुन के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार वर्मा की बेटी शिवानी ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने माता–पिता के साथ क्षेत्र का भी नाम रौशन किया है। शिवानी ने नीट की परीक्षा में कुल 596 अंक प्राप्त की है।बताया कि नीट परीक्षा का परिणाम पहले आ चुका था लेकिन मेरिट कम होने के कारण का सिलेक्शन नहीं हुआ। 26 अप्रैल को विस्तारित मापप राउंड से परीक्षा परिणाम निकला है। जिसमें ऑल इंडिया मेरैकिंग 20 627 और स्टेट मापप मेरिट में 162 वां रैंक प्राप्त किया है। काउंसलिंग में राजकीय मेडिकल कॉलेज हरदोई मे प्रवेश मिला जहां एमबीबीएस की पढ़ाई करेगी। ।नीट की परीक्षा में सफलता हासिल करने वाली शिवानी ने कहा कि उसका यह दूसरा प्रयास था। पहले प्रयास में उसने 574 अंक प्राप्त कर असफल हुई थी। नीट में सफलता का श्रेय अपने माता–पिता को दिया है। उसने बताया कि अगर छात्र ग्यारहवीं व बारहवीं की पढ़ाई ठीक से कर ले तो नीट की परीक्षा में उत्तीर्ण होना आसान है। अपनी बेटी शिवानी के पिता राजेश वर्मा ने बताया कि उनकी 4 बेटियां हैं जिसमें शिवानी सबसे बड़ी है शिवानी ने हाई स्कूल इंटर की की शिक्षा उदया पब्लिक स्कूल से की इसके बाद 2019 में मेडिकल की तैयारी के लिए कोटा चली गई जहां से वह नीट की तैयारी एलन कोचिंग में कर रही थी। सफलता पर विद्यालय के अध्यापक सत्येंद्र पाठक सुनील प्रताप, विभा साव,राजेश दुबे, महेंद्र दुबे, प्रेम कुमार वर्मा राजेंद्र वर्मा प्रहरी,सुरेंद्र कुमार वर्मा अशोक यादव,सुरेश चौरसिया, किरन वर्मा,ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## रौजागावं चीनी मिल इकाई प्रमुख निष्काम गुप्ता मातृत्व इकाई बलरामपुर हेतु स्थानांतरित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)रौजागावं चीनी मिल इकाई समूह बलरामपुर लि. के निष्काम गुप्ता ने मई 2019 से 28 अप्रैल 2022 तक इकाई प्रमुख एवम् मुख्य महाप्रबंधक के पदों को बड़े ही गरिमामयी सहज व सरल बेहतर अनुशासनिक टीम भावना सहित सुशोभित किया है।इनका कार्यकाल स्वर्णिम भविष्य की ओर इंगित करता रहेगा।इनका कुशल व्यवहारिक अंदाज एक आदर्श के रूप में स्थापित हुआ है।जो बलरामपुर चीनी मिल समूह के प्रशंसनी रिकार्ड में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। श्री गुप्ता का अधिकारियों,कर्मचारियों एवं किसानों से आत्मीय व अपनत्व भावनाओं से बड़ा निकट संतोषी संबंध सदैव स्थापित रहा है।कर्मचरियों एवं किसानों की समस्याओं को बड़े ही धैर्यता से सुनते तथा हर संभव निराकरण का प्रयास अवश्य करते रहे हैं। स्वर्णिम कार्यकाल में शासन की नीतियो पर समय की पाबंदी को वरीयता,सामाजिक सरोकार के अन्तर्गत वैश्विक महामारी करोना में प्रतिरोधी रसायन का छिड़काव,मास्क वितरण,राशन किट के वितरण की जिम्मेदारी का बखूबी टीम रूप में अंजाम देना,चिंतन करना दिनचर्या का पर्याय बन गया था।इकाई क्षेत्र के तीन मृतप्राय तालाबों का सौंदर्यीकरण कराया गया है।चुनौतियों को अवसर में बदलने में श्री गुप्ता निपुणता हासिल है।गुप्ता जी लायंस क्लब के अध्यक्ष पद को भी सुशोभित करते रहे हैं।मुख्य महाप्रबंधक के कथनानुसार मेरा अहो–भाग्य रहा कि,एक ऐसी निपुण कार्य– दक्ष टीम का साथ मिला।जिस टीम ने ह्रदय से समय–समय पर उत्प्रेरक का कार्य से कार्य को मैक्समम अवश्य किया है।जो अत्यंत महत्वपूर्ण अनुकरणीय स्तंभकारों में एक उदाहरण है।श्री गुप्ता के कार्यकाल में कर्मचारियों के आवास,अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कों के निर्माण कार्य से आधारभूत संरचना में सतत् सुधारात्मक प्रगति और निखार लाने का प्रयास जारी रहा है।जिससे कर्मचारियों में मनोयोग से कार्य करने की इच्छा जागृत हो और उसकी संपूर्ण उर्जा का चीनी मिल के हित में सरलता से किया जाता रहा है जिससे चीनी मिल को लक्ष्य प्राप्त करने में सार्थक परिणाम मिलता है।श्री गुप्ता के कार्यकाल में चीनी की गुणवत्ता में निरंतर परिष्कृत सुधार के लिए तथा बोन–सुक्रो प्रमाणीकरण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का सफल प्रयास रहा।इसी परिपेक्ष्य में रौजागावं चीनी मिल को एस एस एस आई – सीओ एन–एस यूं ही आर ओ का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। क्षेत्र में जल–निकासी,मार्गो,हैण्ड पम्प,स्कूल में वाटर– कूलर उपलब्ध कराकर,शीतकाल में कम्बल वितरण कार्य को समूह की जिम्मेदारी का एहसास सदैव कराया।चीनी मिल परिसर में पौधा रोपण,मंदिर पर तीज–त्यौहार अवसरों पर आयोजित पुनीत अनुष्ठानों में समरसता सहित स्वयम् व धर्म पत्नी ने पुण्य प्राप्ति में सामाजिक हिस्सेदारी निभाने की कोशिश करती दिखती रहीं हैं। रौजागावं चीनी मिल इकाई का संम्पूर्ण सेवक वर्ग को गर्व है कि सक्षम नेतृत्व के साथ रहकर कार्य करने का अवसर मिला।समस्त स्टाफ को साथ न रहने का दुःख जरूर है किंतु हम सब की मातृत्व इकाई बलरामपुर में अपनी कार्यशैली से भविष्य में चार–चाँद लगाने की खुशी भी साथ–साथ है।29अप्रैल 22को ग्रामीण स्तर पर कूढ़ा सादात में किसानों की तात्कालिक बैठक का आयोजन किया गया,जिसमें इकाई प्रमुख की सहृदयता, मिलनसारिता, कार्यप्रणाली को ह्रदय से बखान किया गया।श्री गुप्ता के समय में अंतिम पायदान तक जनसंपर्क को महत्ता मिलती रही है।गन्ना किसान अली सज्जाद बाबा ने कहा कि मुख्य महाप्रबंधक उच्चतम पद पर आसीन होकर समूह एवं शासन नीतियों के प्रति सदैव समर्पण भाव से सेवा का सफल अवसर श्री गुप्ता को मिलता रहे।श्री गुप्ता के कार्यभार को वर्तमान मे कृष्ण कुमार बाजपेयी जी ने सम्भाला है।समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारी,कर्मचारी एवं कृषक बंधुओं ने मुख्य महाप्रबंधक का बहो–बहोत आभार प्रकट किया।

## भारतीय क्षत्रिय समाज की बैठक हुई आयोजित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारतीय क्षत्रिय समाज की बैठक हुई आयोजित।बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह ने की।जिसमे फैजाबाद के जिले क्षत्रिय समाज की कार्यकारिणी व महानगर इकाई का हुआ गठन।बैठक में जिले के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह की स्वीकृति से तथा संजोयक छेदी सिंह एडवोकेट व राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एडवोकेट अरविंद कुमार सिंह की उपस्थिति में व एडवोकेट नरसिंह नरायन सिंह,पूर्व अध्यक्ष जिला अयोध्या की सहमति से उनको प्रदेश संगठन में पदोन्नति करके पदाधिकारियों के नाम की सूची का किया गया सलंग्न।भारतीय क्षत्रिय समाज के अयोध्या विधानसभा के अध्यक्ष पद पर लाल साहब सिंह, जिलाध्यक्ष डॉ एमपी सिंह अवध विश्वविद्यालय, उपाध्यक्ष ओमकार सिंह और महानगर इकाई में अध्यक्ष सुधीर सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी नियुक्ति प्रमाण पत्र सौपा।इस मौके पर जिला व महानगर पदाधिकारियों के साथ–साथ प्रमुख रूप से डॉ दशरथ सिंह तोमर,बाबा बख्श सिंह,उपेंद्र सिंह, लल्लू, रामविभूति सिंह,भानु प्रताप सिंह आदि लोग रहे मौजूद।

## अचानक पहुंचे मण्डलायुक्त सदर तहसील किया निरीक्षण, अनुपस्थिति कर्मचारियों से मांगा स्पष्टीकरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा द्वारा आज अचानक तहसील सदर का निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने तहसील में अव्यवस्थित तरीके से लगाये गये वाहनों को व्यवस्थित तरीके से लगाने हेतु कार्यवाही करने, साफ सफाई करने आदि के निर्देश दिये। तहसील सदर में अधिकारी, कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये उनसे स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश उपजिलाधिकारी सदर को दिया गया। मण्डलायुक्त द्वारा आम नागरिक के रूप में पहचान छिपाकर खतौनी का नकल भी काउंटर से प्राप्त किया गया। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिया कि समय से आकर कार्यो को निस्तारित करें एवं आम जनता को राहत पहुंचाये। गर्मी को देखते हुये पशुओं को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उक्त अवसर पर अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों के अलावा विशेष सहयक श्री सच्चिदानन्द सिंह आदि उपस्थित थे।

## गिव बैक टू कम्युनिटी" के बैनर तले शुरू किया गया प्रोजेक्ट इनेबल (सुपर 60) का पहला चरण पूरा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गिव बैक टू कम्युनिटी" के बैनर तले शुरू किया गया प्रोजेक्ट इनेबल (सुपर 60) का पहला चरण पूरा हुआ। 1 अक्टूबर, 2021 से, हिंदी, गणित और रीजनिंग को कवर करने वाली 300 ऑनलाइन कक्षाएं, 32 ऑनलाइन मूल्यांकन और 1 महीने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कक्षा 5 के छात्रों के लिए बूटकैंप का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट इनेबल (सुपर 60) के 22 छात्र आज नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे। "गिव बैक टू कम्युनिटी" के संस्थापक–किरण दीप संधू और देवेश मोहन ने परीक्षा के लिए आवश्यक सामग्री जैसे स्टेशनरी के वितरण की व्यवस्था छात्रों के लिए की थी। रमेश आर, ट्रस्टी श्याम ठाकुर तथा रिसोर्स मैनेजर शुभम का भरपूर योगदान रहा। डॉ. अनामिका मिश्रा (जिला समन्वयक), श्रीमती निधि महेंद्र और श्रीमती अपर्णा द्विवेदी सहित अन्य शिक्षकों ने यहां आयोजित प्रोजेक्ट सेमिनार के माध्यम से संस्था के वरिष्ठ जनों के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना व समझा। इस मौके पर बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्राइमरी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को और ज्यादा बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से ये संस्था कार्य कर रही है, जिसका पहला चरण आज संपन्न हुआ। इस मौके पर गिव बैक टू कम्युनिटी की जिला मीडिया प्रभारी अर्पणा द्विवेदी ने बताया कि सीबीएसई पेटर्न की तर्ज पर अब प्राइमरी के बच्चे भी शिक्षित हो सकेंगे। संस्था द्वारा उन्हें एंड्रॉयड फोन मुहैया कराया जाता है जिससे वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ आज यह पहला चरण संपन्न हुआ है और 8 मई को दूसरे चरण की शुरुआत होगी। जिसमें प्राइमरी स्तर के बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। इस मौके पर सौमित्र दुबे ने कोर टीम के सदस्यों डॉ. अनामिका मिश्रा (जिला समन्वयक), डॉ सत्येंद्र गुप्ता और स्थानीय टीम के साथ दैनिक संचालन, ऑनलाइन कक्षाओं और प्रोजेक्ट इनेबल (सुपर 60) से जुड़े शिक्षकों और छात्र मौजूद रहे। संपूर्णानंद सिंह, निधि महेंद्रा, निवेदिता उपाध्याय, संतोष गुप्ता, संजय कुमार पाण्डेय, प्रज्ञा पाण्डेय, अपर्णा द्विवेदी, पंकज आर्य, आदर्श तिवारी, अंकिता बारी, अखिलेश कुमार, जान्हवी, अंशु, रितु, ज्योत्सना नीलम और मीनू दुबे उपस्थित रहकर इस ऑन लाइन सेमिनार से जुड़कर अपने अपने विचार रखे।

## विजयपाल सिंह पुलिस अधीक्षक,नगर जनपद अयोध्या द्वारा आज थाना कैण्ट का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पुलिस अधीक्षक,नगर विजयपाल सिंह द्वारा थाना कैण्ट का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया । सर्वप्रथम गार्द की सलामी ली गई तत्पश्यात थाना परिसर का भ्रमण कर सी सी टी एन एस कार्यालय,बैरक, मेस,महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया,मेस के भवन को रंगाई पुताई के लिए निर्देशित किया,सरकारी सम्पत्ति का निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया जाय तथा थाना प्रांगण में खड़े वाहनों के संबंध निर्देशित किया कि शीघ्र ही अभियान चलाकर इनका निस्तारण कराया जाय, थाने के अभिलेखों का भी निरीक्षण भी किया और रख रखाव के सम्बन्ध मे निर्देश दिया गया। सम्मानित पत्रकारों व उपनिरीक्षक गण के साथ गोष्ठी की गई।

## मंडलायुक्त ने ताबड़तोड़ छापेमारी कर किया निरीक्षण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मंडलायुक्त नवदीप रिणवा ने जिला चिकित्सालय अयोध्या स्थित भारतीय जन औषधि केंद्र आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध दवाइयों का निर्धारित मूल्य, समाप्ति तिथि एवं उपलब्धता की जांच की गई।दवाइयों की उपलब्धता कम होने पर दवा विक्रेता को निर्देश दिया गया कि विभिन्न अवश्यक एवं महत्वपूर्ण दवाओं का अधिक अधिक मात्रा में स्टाक उपलब्ध रखे एवं साथ ही साथ सभी दवा खरीदने वाले मरीजों को बिल उपलब्ध करायें। मंडल आयुक्त द्वारा उक्त के अतिरिक्त राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अर्न्तगत एम०डी०आर० क्षय रोगियों हेतु नई दवा बेडाक्विलिन को जनपद में प्रथम बार 02 नये एम०डी०आर० क्षय रोगियों सूफिया खान एवं बलराम को उपलब्ध कराकर लांच किया गया। मंडल आयुक्त द्वारा विश्व क्षयरोग दिवस 24 मार्च 2022 को गोद लिये गये 02 क्षयरोगियों में से 01 अंजेश निषाद को आज दूसरी बार पोषक आहार की किट प्रदान की गई तथा जिला क्षयरोग अधिकारी को निर्देश दिया कि समस्त क्षयरोगियों को पोषक आहार के किट वितरण करें। तत्पश्चात मंडलायुक्त ने गेहूं क्रय केंद्र का भी मौके पर निरीक्षण किया गया और वहां उपलब्ध अधिकारियों से गेहूं क्रय की जानकारी लेते हुए क्रय केंद्र पर बनाया गया रजिस्टरओं को देखा गया और निर्देश दिए गए कि शासन द्वारा निर्धारित मूल्यों पर गेहूं क्रय कर किसानों को उनका भुगतान शीघ्र सुनिश्चित किया जाए।

## नाका लेबर अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शिविर लगाकर श्रमिकों को किया गया जागरूक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या में आज अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नाका लेबर अड्डे पर श्रमिक जागरूकता शिविर का आयोजन श्रम विभाग द्वारा किया गया, जिसमें उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्रा श्रम प्रवर्तन अधिकारी रोहित प्रताप सिंह और श्रम प्रवर्तन अधिकारी शिशिर श्रीवास्तव साथ ही सिराज हुसैन व स्वयंसेवी संस्था के लोग मौजूद रहे, शिविर के माध्यम से निर्माण श्रमिक को उनके लिए संचालित योजनाओं के बारे में जागरुक किया गया साथ ही यह भी बताया गया कि वे अपना पंजीकरण और नवीनीकरण किन कागजों के साथ अपना रजिस्ट्रेशन नजदीकी जन सेवा केंद्र पर करवा सकते हैं उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्रा ने श्रमिकों को जानकारी देते हुए बताया कि उनकी बेटियों की शादी के लिए 55000 से 75000 व बच्चा पैदा होने पर 30000 से 75000 बच्चों की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति 150 से लेकर 22000 तक दिया जा रहा है शादी में साथ में ही शौचालय ,आवास, कामगार गंभीर बीमारी सहायता, शौचालय सहायता, महात्मा गांधी पेंशन सहायता योजना और साथ ही 500000 तक दुर्घटना मृत्यु व 200000 तक सामान्य मृत्यु का लाभ दिया जा रहा है ,जो भी मजदूर अपना पंजीकरण करा लेंगे वहीं सारे लाभों के हकदार होंगे और यह पंजीकरण तत्काल किसी भी जन सेवा केंद्र पर जाकर निशुल्क करा सकते हैं ,इस मौके पर उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र श्रम प्रवर्तन अधिकारी रोहित प्रताप सिंह शिशिर श्रीवास्तव रहे मौजूद।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्या के लिए उठाई आवाज

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) नगर के जागरूक नागरिक विवेक चंद्र गुप्ता ने नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्या के निराकरण के लिए संबंधित विभाग की पत्र लिख कर ध्यानाकर्षण किया है। नवनिर्मित रेलवे फ्लाईओवर के दोनो छोर पर जहां यू–टर्न के लिए पर्याप्त जगह न होने से निरंतर हो रही स्कूली बच्चों के साथ दुर्घटनाओं से आहत होकर श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रोड एवं परिवहन मंत्री नितिन जयराम गड़करी व सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर यथा स्थिति से अवगत कराया है। वहीं डेहवा से जलालपुर तक नहर पटरी में बड़े बड़े गड्ढे व रोड लाइट न होने से नित्य दुर्घटनाएँ होती रहती है।कई जगह रोड का बड़ा हिस्सा कटकर नहर में समा चुका है। जिसको लेकर विवेक चंद्र गुप्ता ने सम्बंधित विभाग को जाँच कर सुधार करने की माँग की है।वही मानसून सत्र में जसमड़ गाँव जलालपुर में हर वर्ष सुचारु जल निकासी नाले का अभाव होने से पूर्ण क्षेत्र जलमग्न हो जाता है जिसकी वजह से आस पास के क्षेत्र में कई बीमारियों का खध्तरा बना रहता है।जिसको लेकर श्री गुप्ता ने शहरी विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर समस्या का निदान कराने की माँग की है।

## बीएसए ने रोका 350 टीचरों का वेतन : नामांकन पूरा नही होने पर हुई कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) परिषदीय स्कूलों में चार अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान के तहत जिले में नामांकन का लक्ष्य नहीं पूरा हो सका है.। जिसके चलते पहले चरण में 350 शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है। अभी शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों पर भी जवाबदेही तय होनी बाकी है। जिले में विभाग की ओर से 1 लाख 6 हजार 626 बच्चों के नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। समय सीमा पूरी होने के बाद अब तक 69107 बच्चों का ही नामांकन हो सका है, जिसे लेकर बीएसए संतोष देव कुमार पांडेय ने वेतन रोकने की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया विद्यालयों में नवीन नामांकन में ढील को लेकर शिक्षकों को कई बार निर्देश दिए गए थे। कई विद्यालयों में नामांकन कम होने की स्थिति में प्रधानाचार्यों का वेतन रोक दिया गया है। शिक्षक नेताओ ने उठाए सवाल नामांकन नही होने पर केवल टीचरों पर ही कार्यवाही क्यो ? अधिकारियों पर भी होनी चाहिए कार्यवाही।

## मजदूर दिवस पर बोरवेल में घुसे दो मजदूर बोरबेल धसने से दब गए

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना मवई के ग्राम पारा पहाड़पुर में मजदूर दिवस पर बोरवेल में घुसे दो मजदूर बोरबेल धसने से दब गए। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रूदौली ले जाते समय एक का निधन हो गया। दूसरे घ्याल मजदूर को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना मवई के ग्राम पारा पहाड़पुर मजरे पूरेकारी के निवासी इब्राहिम पुत्र याकूब के खेत में रविवार को बोरिंग हो रही थी। बोरिंग के 10 फुट गहरे बोरबेल में तैय्यब उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र उस्मान निवासी ग्राम पारा पहाड़पुर और फिरोज 30 वर्ष दोपहर में उतरे।इस दौरान बोरवेल की दीवार की मिट्टी बोरवेल में घुसे युवकों पर गिर गई।जिसमें दोनों दब गए।इस दौरान मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से तैय्यब और फिरोज को बोरवेल से निकाला गया। ग्रामीण और परिजन घायल अवस्था में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूदौली पहुचे।अस्पताल पहुचते पहुचते तय्यब का निधन हो गया और फिरोज को भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर विधायक रामचंद्र यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घटना की जानकारी ली । कोतवाल शशिकांत यादव ने कहा कि मृतक तय्यब का पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।